भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2960

20.12.2024 को उत्तर के लिए नियत

इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन

2960 **श्रीमती फूलो देवी नेतम:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि के मद्देनजर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बड़े पैमाने पर चार्जिंग स्टेशनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई किए जाने का विचार है;

(ख) देश मे अब तक स्थापित किए गए चार्जिंग स्टेशनों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और उनकी संख्या कितनी है;

(ग) क्या छत्तीसगढ़ राज्य में भी कोई चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देश में इस समय आवश्यक चार्जिंग स्टेशनों की संख्या और ब्यौरा क्या है?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) : भारी उद्योग मंत्रालय भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के अंगीकरण को बढ़ावा देता रहा है। भारी उद्योग मंत्रालय ने इलेक्ट्रिक वाहनों के अंगीकरण को बढ़ावा देने, चार्जिंग अवसंरचना की स्थापना और देश में इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण पारितंत्र के विकास को सुदृढ करने के लिए पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवॉल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) स्कीम को दिनांक 29 सितंबर,2024 को अधिसूचित किया है। इस स्कीम का दो वर्ष के लिए बजट 10,900 करोड़ रुपए है। कुल आवंटित बजट में से 2,000 करोड़ रूपए इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की संस्थापना के लिए रखे गए हैं।

इसके अतिरिक्त, देश में सुसंबद्ध और अंतर-प्रचालनीय इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना सृजित करने के लिए विद्युत मंत्रालय ने "इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना के संस्थापन और प्रचालन संबंधी दिशानिर्देश-2024" को 17 सितंबर,2024 को जारी किया है जिनमें मानकों और नवाचारों का उल्लेख किया गया है।

(ख) : विद्युत मंत्रालय से प्राप्त सूचनानुसार, देश में 25,2020 इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन संस्थापित हैं। संस्थापित इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या **संलग्नक-I** पर है।

(ग) और (घ) : विद्युत मंत्रालय से प्राप्त सूचनानुसार, छत्तीसगढ़ राज्य में 271 इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन संस्थापित हैं। संस्थापित इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों का ज़िला-वार विवरण **संलग्नक-II** पर है।

(ङ) : नीति आयोग से प्राप्त सूचनानुसार, चार्जिंग अवसंरचना अपेक्षा इलेक्ट्रिक वाहनों के संघटन, रनिंग पैटर्न, भौगोलिक अवस्थिति, शहरीकरण पद्धति, इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी और चार्जिंग उपकरण प्रौद्योगिकी पर निर्भर करती है। चूंकि ये सभी कारक अभी उन्नयन के दौर में ही हैं, अतः इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या विशेष के लिए अपेक्षित चार्जिंग प्वाइंट की संख्या पर कोई वैश्विक सहमति नहीं है।

***

संलग्नक-I

राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार स्थापित इलेक्ट्रिक वाहन पब्लिक चार्जिंग स्टेशन (ईवीपीसीएस)

क्र.सं..	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम	ईवीपीसीएस की संख्या
1	कर्नाटक	5765
2	महाराष्ट्र	3728
3	उत्तर प्रदेश	1989
4	दिल्ली	1941
5	तमिलनाडु	1413
6	केरल	1212
7	राजस्थान	1129
8	गुजरात	992
9	तेलंगाना	956
10	मध्य प्रदेश	903
11	पश्चिम बंगाल	763
12	हरियाणा	709
13	आंध्र प्रदेश	601
14	पंजाब	593
15	ओडिशा	488
16	बिहार	347
17	असम	276
18	छत्तीसगढ़	271
19	झारखंड	256
20	उत्तराखंड	177
21	जम्मू और कश्मीर	159
22	गोवा	137
23	हिमाचल प्रदेश	106
24	त्रिपुरा	50
25	मणिपुर	46
26	मेघालय	43
27	पुडुचेरी	41
28	अरुणाचल प्रदेश	41
29	नागालैंड	28
30	चंडीगढ़	13
31	मिजोरम	12
32	संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नगर तथा दमण और दीव	6
33	सिक्किम	5
34	अंडमान और निकोबार	4
35	लक्षद्वीप	1
36	लद्दाख	1
कुल ईवीपीसीएस (संख्या)		**25,202**

संलग्नक-II

छत्तीसगढ़ में जिलावार स्थापित ईवी पब्लिक चार्जिंग स्टेशन (ईवीपीसीएस)

क्र.सं.	जिले का नाम	ईवीपीसीएस की संख्या
1	रायपुर	57
2	बिलासपुर	28
3	राजनंदगांव	24
4	दुर्ग	19
5	सरगुजा	15
6	जांजगीर चांपा	13
7	कोरबा	11
8	महासमुंद	10
9	बालोद	9
10	धमतरी	9
11	जशपुर	9
12	राजगढ़	9
13	बेमेतरा	8
14	मुंगेली	6
15	सूरजपुर	6
16	बलौदा बाजार-भाटापारा	5
17	बलरामपुर	5
18	उत्तर बस्तर कांकेर	5
19	बस्तर	4
20	कोरिया	3
21	दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा	2
22	कबीरधाम (कवर्धा)	2
23	कोंडागांव	2
24	नारायणपुर	2
25	सुकमा	2
26	बीजापुर	1
27	गरियाबंद	1
28	कबीरधाम	1
29	कांकेर	1
30	मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर	1
31	सारनगढ़-बिलाईगढ़	1
कुल ईवीपीसीएस (संख्या)		**271**

*****